Seventeenth Loksabha

an>

Title : Regarding Construction of National Highways in Rajsamand Parliamentary Constituency, Rajasthan.

सुश्री दिया कुमारी (राजसमन्द): सभापति जी, आज देश में आवागमन के लिए जिस तेजी से नेशनल हाईवेज और एक्सप्रेसवेज का निर्माण हो रहा है, वह प्रशंसनीय है।

मेरा संसदीय क्षेत्र राजसमंद पहाड़ी क्षेत्र के साथ विषम भौगोलिक परिस्थिति वाला क्षेत्र है और अपनी धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए विख्यात है। राजसमंद संसदीय क्षेत्र में आवागमन की सुगमता के लिए निम्नलिखित सड़कों का बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है।

वर्तमान में एनएच-158 जो कि मांडला भीलवाड़ा से रास तक स्वीकृत है और कार्य प्रगति पर है, उसे 40 किलोमीटर बढ़ाते हुए वाया रियाबडी, पादूकलां तक एनएच-89 से जोड़ा जाए।

एनएच-458 लाडनू से जस्साखेड़ा वाया मेड़ता कार्य हो चुका है परन्तु वन क्षेत्र की 32 किलोमीटर सड़क (रायपुर से जस्साखेड़ा) का कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। इस कार्य की डीपीआर बन रही है परन्तु अधिक विलम्ब हो रहा है। इसको शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

एनएच-158 को एनएच 89 से जोड़ने के लिए लाम्बिया से पुष्कर वाया कुड़की 58 किलोमीटर सड़क की स्वीकृति एनएच घोषित की जाए। इसके लिए राज्य सरकार से अनुशंसा केन्द्र सरकार को भेजी जा चुकी है।

माननीय सभापति: श्री रवनीत सिंह – उपस्थित नहीं।

डॉ. मोहम्मद जावेद – उपस्थित नहीं।

श्री दीपक बैज – उपस्थित नहीं।

श्री ए.के.पी. चिनराज – उपस्थित नहीं।

श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथ जी।